an>

Title: Regarding poor BSNL services in Amreli Parliamentary Constituency.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : महोदया, मैं आपके माध्यम से एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। मंत्री जी यहां उपस्थित है, इस पर पूरा सदन चिंतित है, जो बीएसएनएल का प्रश्न आया था, वही समस्या मेरे क्षेत्र में भी है। महोदया, 800 से ज्यादा गांव मेरे क्षेत्र में हैं। एक भी गांव में नेटवर्क नहीं मिलने के कारण वहां की जनता परेशान है। बीएसएनएल के 15 टॉवर्स का इंस्टालेशन पिछले 5 साल में हो चुका है, लेकिन मैटेरियल न मिलने के कारण ये टॉवर्स अभी कार्यरत नहीं हो पाए हैं। 20 से ज्यादा टॉवर्स की ऑलरेडी डिमांड भेजी गयी, लेकिन उसे भी मंजूरी नहीं मिली है।

माननीय अध्यक्ष : आप संक्षेप में अपनी बात कहिए।

श्री नारणभाई काछड़िया : इंटरनेट की समस्या का समाधान किए जाने की आवश्यकता है। आज गांव में जो मजदूर हैं, वे राशन लेने जाते हैं, तो इंटरनेट न चलने की वजह से उन्हें दिनोंदिन कतार में खड़ा रहना पड़ता है, फिर भी वे बिना राशन के घर आते हैं। नेट आज हमारे देश के लिए अनिवार्य हो गया है। टेक्नॉलाजी के संबंध में मंत्री जी को बीएसएनएल विभाग से कहना चाहिए कि यह जल्द से जल्द पूरे देश में लागू हो। यह पूरे देश का प्रश्न है। आपके माध्यम से मेरा यही निवेदन है, धन्यवाद।